मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी कर रही छात्राओं को फ्री कोचिंग

चर्चा में क्यों?

1 अगस्त, 2022 को बिहार के पिछड़ा और अतिपिछड़ा कल्याण विभाग के सचिव पंकज कुमार ने बताया कि राज्य में मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहीं पिछड़े और अतिपिछड़े वर्ग की छात्राओं को बिहार सरकार फ्री में ऑनलाइन कोचिंग कराएगी।

प्रमुख बिंदु

- सचिव पंकज कुमार ने बताया कि कन्या आवासीय स्कूलों में पढ़ रही छात्राओं के अलावा पिछड़े और अतिपिछड़े वर्ग के हॉस्टल में रहकर पढ़ने वाली छात्राओं को भी इस योजना का लाभ मिलेगा।
- गौरतलब है कि समाज कल्याण विभाग बिहार के सभी 38 ज़िलों में पिछड़े और अतिपिछड़े वर्ग के कन्या आवासीय उच्च माध्यमिक स्कूलों में ऑनलाइन शिक्षा शुरू करेगा। 35 हज़ार से ज़्यादा छात्राओं को इसका फायदा मिलेगा।
- सरकार की ओर से मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी कर रही छात्राओं को इंटरनेट भी मुफ्त मिलेगा। साथ ही छात्राओं को प्रसिद्ध कोचिंग सेंटरों के स्टडी मैटेरियल भी दिये जाएंगे। छात्राओं के लिये एक सप्ताह में विशेष क्लास भी लगेगी, जिससे तैयारी में किसी तरह की दिक्कत या परेशानी न आए।
- पंकज कुमार ने बताया कि समाज कल्याण विभाग ने इस पूरी योजना को लेकर ऑनलाइन क्लास चलाने के लिये टीवी स्क्रीन, इंटरनेट और व्हाइट बोर्ड तक की तैयारी कर ली है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/free-coaching-to-girl-students-preparing-for-medical-and-engineering